# ग्राम पंचायत चड़ी, विकास खण्ड रैत, जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176217 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023

## भाग–एक

1. **(क)प्रस्तावना**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 मे संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत चड़ी, विकास खण्ड रैत, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

प्रधान:–

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुदेश कुमारी | 01.04.2021 से 31.03.2023 |

सचिव :–

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री सुरजीत कुमार | 01.04.2021 से 04.11.2022 |
| 2 | रिक्त पद | 05.11.2022 से 23.11.2022 |
| 3 | श्री जनम सिंह | 24.11.2022 से 31.03.2023 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰सं॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री विनोद कुमार | 01.04.2021 से 28.02.2022 |
| 2 | श्री संजय कुमार | 01.03.2022 से 31.03.2023 |

ग्राम रोजगार सहायक :–

| क्र•सं• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अजय कुमार | 01.04.2021 से 31.03.2023 |

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार

ग्राम पंचायत चड़ी के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:–

| क्र0 सं0 | पैरा सं• | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 7.10 |
| 2 | 6 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 18.28 |
| 3 | 7.1 | पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.60 |
| 4 | 7.2 | विवाह पंजीकरण शुल्क का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.04 |
| 5 | 8.1 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर मे स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना। | 12.83 |
| 6 | 8.2 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना स्टॉक का क्रय करना | 7.57 |
| 7 | 8.3 | खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करना | 1.73 |
| 8 | 8.5 | उचित बिल के बिना रसीद पर अनियमित व गलत भुगतान | 0.03 |
| 9 | 9 | माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 19.24 |

## (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन:–

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत चड़ी का गत अंकेक्षण अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 के लिये किया गया था जिसके अंकेक्षण प्रतिवेदनो के शेष पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरो की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित है:–

## अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 तक

| क्र.स. | पैरा स. | निर्णीत/अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क ₹6000 की प्राप्ति की पुष्टि उपरान्त |
| 2. | 4 | निर्णीत | लेखों की पुष्टि उपरान्त |
| 3. | 5 | अनिर्णीत | — |
| 4. | 6 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 7 | अनिर्णीत | — |
| 6 | 8 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दिया गया है। |
| 7 | 9 | अनिर्णीत | — |
| 8 | 10 | अनिर्णीत | — |
| 9 | 11 व 11.1 | अनिर्णीत | — |
| 10 | 12 | अनिर्णीत | — |
| 11 | 13 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दिया गया है। |
| 12 | 14 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दिया गया है। |
| 13 | 15 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दिया गया है। |

## भाग–दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षण

ग्राम पंचायत चड़ी के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक व श्री राहुल कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 06.11.2023 से 15.11.2023 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में किया गया। आय व्यय की विस्तृत जॉच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया:—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2021–22 | 08/2021 | 07/2021 |
| 2022–23 | 03/2023 | 01/2023 |

**अस्वीकरण:–वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्क :–**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2021 से 31/03/2023 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹ 8000/– आंका गया है। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2023/–220 दिनांक 15.11.2023 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया।

## 4.1 (क) वित्तीय स्थिति:–

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक: राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2023/–215 दिनांक: 06.11.2023 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में भी दिया गया है:–

1.स्वः–स्त्रोतः–

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2021–22 | 1209333 | 503217 | 1712550 | 519016 | 1193534 |
| 2022–23 | 1193534 | 434341 | 1627875 | 422360 | 1205515 |

2.अनुदान:–

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तषेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2021–22 | 1311361 | 6502554 | 7813915 | 5100868 | 2713047 |
| 2022–23 | 2713047 | 9492751 | 12205798 | 10378152 | 1827646 |

**कुल योग (1+2) 1205515+1827646 = 3033161**

## (ख) बैंक समाधान विवरणी

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2023 को रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति से ₹ 3033161/- तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि के अन्तशेष ₹3742898/- से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार है:-

| | बैंक खातों की विवरणी:- | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | विवरण | बैंक | खाता | अन्त शेष (₹) |
| 1 | स्व:स्त्रोत,तीसरा वित्त | का॰ के॰सह॰ बैंक रैत | 20040016548 | 855418 |
| 2 | वी.के.वी.एन.वाई,एस.डी.पी.एम.पी.लेड,वी.एम.जे.एस,एस.के. रिलीफ | का॰ के॰सह॰ बैंक रैत | 50054877941 | 477091 |
| 3 | आई.ए.वाई | का॰ के॰सह॰ बैंक रैत | 50055779715 | 499 |
| 4 | ए.ए.वाई | का॰ के॰सह॰ बैंक रैत | 50051566360 | 701 |
| 5 | टी.एस.सी | का॰ के॰सह॰ बैंक रैत | 50055779806 | 276 |
| 6 | 14वॉं वित्तायोग | का॰ के॰सह॰ बैंक रैत | 5051566451 | 5 |
| 7 | 14वॉं/15वीं वित्तायोग | आई.डी.बी.आई बैंक धर्मशाला | 1106104000046996 | 2408908 |
| 8 | हस्त गत शेष | | | 0 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2023 का कुल योग: | | | | ₹3742898 |
| दिनांक 31.03.2023 को बैंक समाधान विवरणी :- | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति के अनुसार (पैरा 4) अन्तशेष:- | | | | ₹3033161 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2023 का अन्तशेष:- | | | | ₹3742898 |
| अन्तर:- | | | | 709737 |

**नोट:- अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना**

**(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अन्तशेषों में ₹7.10 लाख का भारी अन्तर पाया जाना :-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत चड़ी द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में

ANNUAL REPORT

दिनांक 31.03.2023 को रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹709737/- का अन्तर बैंक में अधिक शेष के रूप में पाया गया, जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ०वृ०कां/2023/218 दिनांक: 14.11.2023 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके उत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 77 दिनांक 15.11.2023 द्वारा दिया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा।

अतः इस बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए वर्तमान में अन्तर का शीघ्रातिशीघ्र मिलान करके तदानुसार अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करके तथा बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**(घ) खाता–क व खाता–ख का रख–रखाव अलग–अलग न रखना:–**

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 4 (1) के अनुसार नियम 3 में दर्शाई सहिता संख्या 01 से 50 में वर्णित आय पंचायत की अपनी आय के स्त्रोत माने जायेंगे और ऐसी आय के लिये पंचायत निधि खाता–क खोला जायेगा। इसी तरह नियम 3 में दर्शाई सहिता संख्या 51 से 99 में वर्णित आय सहायता अनुदान विशेष प्रयोजनों के लिये आबंटित निधियां और प्राप्त ऋण हेतु खाता–ख खोला जायेगा। इसके अतिरिक्त निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15)–(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है। ग्राम पंचायत चड़ी द्वारा स्वयं स्त्रोत व अनुदान राशि का खाता–क व खाता–ख अलग–अलग से तैयार नहीं किया गया था बल्कि स्वः स्त्रोत व अनुदान की सयुंक्त रोकड़ बही लगाई गई थी तथा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वःस्त्रोत, तीसरा वित आदि शीर्षो के अन्तर्गत प्राप्त अनुदानों तथा सभा निधि के लिये नियमो एंव निर्देशो के विरूद्ध एक खाता 2040016548 खोला गया था तथा वी.के.वी.एन.वाई.एस.डी.पी.एम.पी.लेड.वी.एम.जे.एस.एस.के.रिलीफ के लिये एक खाता 50054877941 खोला गया था। जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। जोकि नियमो के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ०वृ०कां/2023/219 दिनांक: 15.11.2023 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 77 दिनांक 15.11.2023 द्वारा दिया गया उत्तर कि भविष्य में खाता–क व खाता–ख का अलग–अलग अनुसंधारण कर दिया जायेगा।

अतः नियमानुसार रोकड़ बही व बैंक खातों का रख–रखाव नियमानुसार, निर्देशानुसार न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए व भविष्य में खाता–क व खाता–ख के अनुरूप रोकड़ बही एवं बैंक खातों का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**(ङ.) लेखा खाता /खाताबही तैयार न करना:–**

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप 7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अंकेक्षण अवधि की खाताबहियाँ/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। अंकेक्षण अवधि की खाताबहियाँ/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि किस–किस कार्य हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व किस–किस कार्य पर कितना–कितना व्यय हुआ है तथा किस कार्य को पूरा किया जा चुका है। यह एक गम्भीर अनियमितता है। इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/219 दिनांक 15/11/2023 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 77 दिनांक 15.11.2023 द्वारा अवगत करवाया गया कि वर्तमान समय से खाताबहियाँ/लेखा खाते तैयार किये जा रहे है। प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया है।

अतः अंकेक्षण अवधि की खाताबहियाँ/लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाताबहियाँ/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबहियाँ/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जाये व कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**5 निवेश न करने बारे:–**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियो को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना नहीं की गई थी तथा अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था। जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के निधि खाते में अंकेक्षणावधि के दौरान ₹12,09,333 से ₹8,55,418 तक की राशि शेष थी। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पड़ा है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/219 दिनांक: 15.11.2023 द्वारा अनुरोध किया गया। जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 77 दिनांक 15.11.2023 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अन्तर्गत उल्लेखित प्रारूप–1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

## 6.1 अनुदान की राशि ₹18.28 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जाना :–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/–215 दिनांक 06.11.2023 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2023 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹18,27,646/– की राशि उपयोग हेतु शेष थी:–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.के.वी.एन.वाई,एस.डी.पी,वी.एम.जे.एस,एस.के.रिलीफ | 31.03.2023 | 20065 |
| 2 | टी.एस.सी | 31.03.2023 | 32982 |
| 3 | आई.ए.वाई | 31.03.2023 | 472 |
| 4 | ए.ए.वाई | 31.03.2023 | 697 |
| 5 | 14वाँ वित्तायोग | 31.03.2023 | 10854 |
| 6 | 14वाँ /15वाँ वित्तायोग | 31.03.2023 | 1762576 |
| 7 | मनरेगा | 31.03.2023 | 0 |
| | | **कुल जोड़** | ₹1827646 |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षों के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने से यह पंचायत पीछे है। विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों के स्वीकृति पत्र की शर्त अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय किया जाना था परन्तु ऐसा न

होने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ–साथ सरकारी योजनाओं से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अतः उक्त शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 6.2 प्राप्त अनुदान के लिये रसीदें जारी न करना:–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 5(1 से 3) के अनुसार पंचायत को किसी भी स्त्रोत अथवा तरीके से प्राप्त आय/अनुदान के लिये इन नियमों में दिये गये प्रारूप–3 मे रसीद जारी करनी आवश्यक है।

ग्राम पंचायत के लेखों के अंकेक्षण में पाया गया कि अंकेक्षण अवधि के दौरान प्राप्त अनुदान राशियों विशेषकर आर.टी.जी.एस./ऑनलाइन बैंक प्राप्तियों के लिए किसी भी प्रकार की रसीद जारी नहीं की गई थी। इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए भविष्य में नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 6.3 अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव न करना :–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 61(1) के अंतर्गत उल्लेखित फार्म–21 के अनुसार अनुदान रजिस्टर का संधारण किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव नहीं किया गया था जिसके अभाव में प्रस्तुत अनुदानों की वितीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। अतः भविष्य में नियमों के अनुसार रजिस्टर तैयार एवं अद्यतन करके समस्त प्राप्त अनुदान व अनुदान राशि से किये गये व्यय का लेखाकंन अनुदान रजिस्टर में करने उपरांत अंकेक्षण के दौरान सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

## 7.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.60 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना :–

ANNUAL REPORT

हि0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 100 तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,संकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत द्वारा सम्पति कर/गृहकर की वसूली की जानी अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां /2023/–215 दिनांकः 15/11/2023 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत निम्न तालिका व **परिशिष्ट–"3"** में दिये गये विवरणानुसार सम्पति कर /गृहकर की मद में ₹ 59750/– की राशि दिनांक 31.03.2023 को वसूली हेतु शेष थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पंचायत अपने राजस्व की उगाही

के प्रति गम्भीर नही है। सम्पति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

| वितीय वर्ष | अग्रशेष | परिवार | गृहकर वार्षिक दर | मांग | योग | प्राप्ति | वसूली हेतु शेष राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 0 | 1050 | 50 | 52500 | 52500 | 39150 | 13350 |
| 2022-23 | 13350 | 1050 | 50 | 52500 | 65850 | 6100 | 59750 |
| नोट:– दिनॉक 31.03.2023 को बकाया सम्पति कर/गृहकर की राशि ₹59750/– है। | | | | | | | |

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए तथा कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## (7.2) विवाह पंजीकरण शुल्क ₹0.04 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अनुसार विवाह के पंजीकरण हेतु ₹ 200 (सामान्य) व आई.आर.डी.पी/बी.पी.एल. के लिये ₹ 25 पंजीकरण शुल्क व 30 दिनो के बाद 90 दिनो के भीतर ₹400(सामान्य) से व ₹ 50 आई.आर.डी.पी/बी.पी.एल से प्रति विवाह पंजीकरण शुल्क वसूल करके सरकारी कोष में जमा करवाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान विवाह शुल्क रजिस्टर की नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि निम्न विवरणानुसार 19 विवाह पंजीकृत किये गये ,जिस हेतु ₹200/400 की दर से ₹7600 वसूल किये जाने अपेक्षित थे, परन्तु ₹3800 की ही वसूली गई–

| क्र0सं0 | नाम | विवाह दिनांक | पंजीकरण दिनांक | वसूली योग्य राशि (₹) | वसूली गई राशि (₹) | कम वसूली गई राशि(₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नरेश सिंह | 25.04.2021 | 17.06.2021 | 400 | 200 | 200 |
| 2 | सनी कुमार | 08.05.2021 | 18.06.2021 | 400 | 200 | 200 |
| 3 | सुखविंदर | 26.04.2021 | 18.06.2021 | 400 | 200 | 200 |
| 4 | अखिल चौधरी | 02.05.2021 | 21.06.2021 | 400 | 200 | 200 |
| 5 | संदीप | 07.05.2021 | 21.06.2021 | 400 | 200 | 200 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुमार | | | | | |
| 6 | परदीप कुमार | 12.04.2021 | 28.06.2021 | 400 | 200 | 200 |
| 7 | विवेक सिंह | 22.05.2021 | 23.08.2021 | 400 | 200 | 200 |
| 8 | विक्रम सिंह | 20.11.2021 | 27.12.2021 | 400 | 200 | 200 |
| 9 | राजिंदर सिंह | 13.12.2021 | 20.01.2022 | 400 | 200 | 200 |
| 10 | साहिल मेहरा | 14.12.2021 | 26.03.2022 | 400 | 200 | 200 |
| 11 | विजय कुमार | 23.04.2022 | 26.05.2022 | 400 | 200 | 200 |
| 12 | नित्तिन कुमार | 21.04.2022 | 26.05.2022 | 400 | 200 | 200 |
| 13 | अरूण कुमार | 04.07.2022 | 18.08.2022 | 400 | 200 | 200 |
| 14 | विश्वास ठाकुर | 23.06.2022 | 01.08.2022 | 400 | 200 | 200 |
| 15 | अकू | 09.07.2022 | 12.08.2022 | 400 | 200 | 200 |
| 16 | सचिन | 05.08.2022 | 16.09.2022 | 400 | 200 | 200 |
| 17 | राकेश | 16.08.2022 | 02.10.2022 | 400 | 200 | 200 |
| 18 | दयाल सिंह | 05.08.2022 | 02.10.2022 | 400 | 200 | 200 |
| 19 | विशाल थाप्पा | 05.092022 | 24.11.2022 | 400 | 200 | 200 |
| | जोड़ | | | 7600 | 3800 | 3800 |

उक्त कम वसूली का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/219 दिनांकः 15/11/2023 के अन्तर्गत सचिव ग्राम पंचायत चड़ी के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 77 दिनांक

15.11.2023 द्वारा अवगत करवाया गया कि बकाया पंजीकरण शुल्क की वसूली करके सरकारी कोष में जमा करवा दी जायेगी।

अतः उक्त देय राशि की वसूली अविलम्ब करते हुये सरकारी कोष में जमा करना सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 7.3 विवाह पंजीकरण के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः—

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या—SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त की जानी अपेक्षित है तथा जिसे समय—समय पर वसूल करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण अधिनियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0235—00—800—03" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान निम्न विवरणानुसार पाया गया कि ग्राम पंचायत चड़ी द्वारा वर्ष 2021—22 व 2022—23 के दौरान विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया थाः—

| क्र0सं0 | वितीय वर्ष | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि |
|---|---|---|
| 1. | 2021—22 | 3600 |
| 2 | 2022—23 | 1400 |
| | जोड | 5000 |

उक्त विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/219 दिनांकः 15/11/2023 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत चड़ी के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 77 दिनांक 15/11/2023 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि सरकारी कोष में जमा करवा दी जाएगी।

अतः अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

8.1 **क्रय किये गये सामान राशि ₹12.83 लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होना।:–**

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत चड़ी के अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा **परिशिष्ट–" 4"** पर संकलित राशि ₹12,83,097 के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टाक रजिस्टरों में दर्ज नहीं किया गया था, जिससे क्रय हेतु कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/219 दिनांक: 15/11/2023 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 77 दिनांक 15.11.2023 द्वारा अवगत करवाया गया कि वर्तमान समय से स्टॉक प्रविष्टियां की जा रही हैं। प्रस्तुत उतर संतोषजनक नहीं पाया गया है।

अतः क्रय किये गये सामान का इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

8.2 **निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹7.57 लाख के स्टॉक का क्रय करना:–**

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत चड़ी के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा **परिशिष्ट–"5"** में दिए गए विवरणानुसार ₹7,57,290/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है।

उपरोक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक: राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/219 दिनांक: 15/11/2023 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 77 दिनांक

15.11.2023 द्वारा सूचित किया गया भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके सामान क्रय किया जायेगा। प्रत्युतर संतोषजनक नही पाया गया है।

अतः नियमानुसार कार्यवाही अमल में न लाने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुये इस अनियमितता को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 8.3 खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करने के फलस्वरूप सरकारी कोष को ₹1.73 लाख की राजस्व हानि :–

ANNUAL REPORT

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म एक्स उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा।

ग्राम पंचायत द्वारा **परिशिष्ट "6"** पर संलग्न चुनिन्दा वाउचरों के तहत निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी,पत्थर इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए थे। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹1,72,600/– का अनियमित भुगतान किया गया था। इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/219 दिनांक: 15.11.2023 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 77 दिनांक 15/11/2023 द्वारा स्पष्ट किया गया कि भविष्य में आपूर्ति बिलो से रॉयल्टी की राशि की कटौती कर ली जायेगी। दिया गया उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नही है, क्योंकि ट्रांजिट पास फॉर्म को उपलब्ध न करवाने की स्थिति में आपूर्तिकर्ता को खनन सामग्री की राशि का भुगतान रॉयल्टी की कटौती 25 प्रतिशत पेनल्टी सहित करने के पश्चात किया जाना अपेक्षित था।

अतः उक्त किये गये अनियमित भुगतान को या तो समर्थित अभिलेख सहित न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके हिमाचल प्रदेश सरकार के आय लेखा शीर्षक "0853" नॉन फैरस माइनिंग एवं मेटोलोजिकल इंडस्ट्रीज उप–शीर्ष "102" मिनरल कन्सेशन फीस किराया एवं रॉयल्टीस "81" खनिज फीस रियायत आदि में जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये तथा पूर्वोक्त मामलों के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि में क्रय की गई निर्माण सामग्री हेतु रॉयल्टी की राशि की संस्था/विभागीय स्तर पर

समुचित गणना कर उसकी भी नियमानुसार वसूली उचित स्त्रोत से करके कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 8.4 संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही ₹12.83 लाख अनियमित भुगतान करना :–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 49(1 तथा 2) के प्रावधानों के अनुसार पंचायत द्वारा कोई भी भुगतान तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि सम्बन्धित बिल/वाउचर पर पंचायत प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षरों से भुगतान आदेश नियमानुसार पारित न किया गया हो।

ग्राम पंचायत के लेखों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही (संलग्न **परिशिष्ट "4"**) ₹12,83,097/– का भुगतान कर दिया गया था, जोकि उक्त नियमों की स्पष्ट अवहेलना है। जिसके अभाव में किये गये भुगतानों की सत्यता व प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं की जा सकती।

इस गम्भीर प्रकरण को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/219 दिनांकः 15/11/2023 के अन्तर्गत सचिव ग्राम पंचायत चडी के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 77 दिनांक 15.11.2023 द्वारा सूचित किया कि वतर्मान समय से इन नियमों की अनुपालना की जा रही है।

अतः नियमों के विरूद्ध किये गये भुगतानों को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाकर कृत कार्यवाही से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

## 8.5 उचित बिल के बिना रसीद पर ₹0.03 लाख का अनियमित व गलत भुगतानः–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि सामान्य रोकड़बही के वाउचर संख्या शून्य दिनांक 22.7.2015 को तीसरा वित्त से हर्शित जम्वाल को ₹3299 का भुगतान साधारण रसीद पर किया गया दर्शाया है लेकिन रसीद में यह उल्लेखित नहीं है कि क्या कार्य किया गया था। कार्य विवरण के अभाव में उक्त किये गये भुगतान की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी। इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2023/219 दिनांकः 15.11.2023 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 77 दिनांक 15/11/2023 द्वारा सूचित किया गया कि इससे संबंधित बिल को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा। प्रत्युतर संतोषजनक नहीं पाया गया है।

अतः उक्त किये गये अनियमित भुगतान को या तो समर्थित अभिलेख सहित नियमानुसार न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके संबंधित शीर्ष में जमा करवाना सुनिश्चित करके कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 9 ₹ 19.24 लाख के निर्माण कार्यों की माप पुस्तिकाओ को प्रस्तुत न करने बारे:–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान निम्न विवरणानुसार राशि ₹19,24,033/– के निमार्ण कार्यो की माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे किये गये व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका:–

| क्र0सं0 | अनुदान | वाउचर सख्या/दिनांक | निर्माण कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वी.एम.जे. एस | 26/ निल | खाता निर्माण सिंचाई कुल्ह हाडा छोटी | 127710 |
| 2 | 14वां वित | 10,11/ 20.07.21 | निर्माण कमरा पंचायत घर | 14280 |
| 3 | 14वां वित | 13/ 20.07.21 | निर्माण कुल्ह डंगा रूल्ह कुल्ह बढी | 11115 |
| 4 | एस.डी.पी | 63/ 27.01.23 | निर्माण रास्ता लिंक रोड से नाले तक | 33580 |
| 5 | 15वां वित | 89/ 10.01.23 | निर्माण बोबली टुनी के पेड से साथ खड वार्ड–5 | 18565 |
| 5 | 15वा वित | 90/ 10.01.23 | निर्माण नाला राम सिंह के घर से नाले तक | 25184 |
| 6 | 15वां वित | 91/ 10.01.23 | निर्माण वाटर टैंक तल्ला वार्ड–1 | 27383 |
| 7 | 15वां वित | 92/ 10.01.23 | इंटरलॉक टाईल कुन्ती के घर से विकास कउशेड | 12592 |
| 8 | 15वां वित | 93/ 10.01.23 | निर्माण बाबडी उणी वार्ड–1 | 16790 |
| 9 | 15वां वित | 94/ 10.01.23 | निर्माण रास्ता मनोज के घर से पंचम के घर तक वार्ड–8 | 16790 |
| 10 | 15वां वित | 95/ 10.01.23 | निर्माण नाली चमारू राम के घर से ईश्वरदास,मेहरा के घर तक वार्ड–6 | 16790 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11 | 15वां वित | 96 / 10.01.23 | निर्माण नाली पवन के घर से संजय के घर तक वार्ड–8 | 16790 |
| 12 | 15वां वित | 97 / 10.01.23 | निर्माण बोबली टुनी के पेड के साथ खड | 37440 |
| 13 | 15वां वित | 97 / 11.01.23 | वाटरकुलर डिसपेन्सर | 115795 |
| 14 | 15वां वित | 100,101 / 13.01.23 | निर्माण कुल्ह बुद्वि सिंह की जमीन से सुभाष के घर तक वार्ड–7 | 66300 |
| 15 | 15वां वित | 105 / 23.01.23 | निर्माण शमशानघाट श्रोट वार्ड–6 | 23400 |
| 16 | 15वां वित | 106 / 27.01.23 | निर्माण बाबडी वार्ड–4 | 10494 |
| 17 | 15वां वित | 107 / 27.01.23 | मुरम्म्त रास्ता माया देवी की गौशाला से महिन्द्र के घर तक | 16790 |
| 18 | मनरेगा | 50,51,54 / 22.07.21 | निर्माण जीप रोड महिला मंडल से संजय, विनय के घर तक | 83242 |
| 19 | मनरेगा | 35 / 06.07.21 | निर्माण भूमि सुधार कार्य बिदूराम, करनेल, सुभाष जमीन | 39994 |
| 20 | मनरेगा | 36 / 06.07.21 | नि0 कुल्ह सडक पुली से चम्बीमाता गेट तक | 32635 |
| 21 | मनरेगा | 37,47,48 / 06.07.21 | नि0 लिंक रोड चौक से श्री पेड तक | 117733 |
